# अभ्यास

## संकलित मूल्यांकन

### पाठ बोध

**1. एक शब्द में उत्तर लिखिए :**

(क) सुबह उठकर फुलवारी कौन गई?

________________

(ख) झूले पर कौन झूल रही थी?

________________

(ग) किसकी धुन सुनकर सुमन खुश हुई?

________________

(घ) कुसुम क्या पहन रही थी?

________________




(ङ) बूढ़ा माली क्या लाया?

________________

(च) तरबूज कैसा था?

________________

**2. चित्र के नाम पर ✓ लगाइए :**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
|  | कछुआ | ☐ | मछुआ | ☐ | बटुआ | ☐ |
|  | गुलाल | ☐ | गुलाब | ☐ | बगुला | ☐ |
|  | कालू | ☐ | तालू | ☐ | आलू | ☐ |
|  | अमरूद | ☐ | आड़ू | ☐ | नाशपाती | ☐ |

3. चित्रों के नाम पूरे कीजिए :

____ ढ़िया ____ टबॉल ____ ला क ____ तर

4. 'उ' (◌ु) तथा 'ऊ' (◌ू) की मात्रा लगाकर लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| धन | ____ | मध | ____ | पत्र | ____ |
| झला | ____ | बबल | ____ | शहतत | ____ |
| सनार | ____ | खशब | ____ | रमाल | ____ |
| रपया | ____ | गरड़ | ____ | जरर | ____ |

5. चित्र की मदद से वाक्य पूरे कीजिए :

(क) सुमन  ____ चुन कर लाई।

(ख) सुमन  ____ खा।

(ग) खुशबू  ____ उतार।

(घ) माता  ____ कह बुलाती थी।

(ङ) माली  ____ लाया।

(च)  ____ की धुन सुन।

6. मिलाकर शब्द लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| प + ◌ु + ड़ि + या ➤ | ____ | स + ◌ू + र + ज ➤ | ____ |
| म + ध + ◌ु + र ➤ | ____ | पा + ल + त + ◌ू ➤ | ____ |
| र + ◌ू + म + ◌ा + ल ➤ | ____ | म + ज + द + ◌ू + र ➤ | ____ |

## रचनात्मक मूल्यांकन

### मौखिक अभ्यास

- उच्चारण कीजिए :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खुश | मुख | बथुआ | गुड़िया | चुहिया | जामुन | चूड़ी |
| शुरू | गुरु | कबूतर | रूमाल | अमरूद | गरुड़ | रूठना |

### क्रियात्मक कार्य

1. दिए गए चित्रों में गलती खोजिए :




2. गुनगुनाएँ :

सूरज उगा खिल गया फूल,
झूम-झूमकर झूला झूल।
घूम-घूम कर नाचा भालू,
पीकर दूध खाया आलू।



## ऋ की मात्रा (ऋ = ृ)

### देखिए, समझिए और पढ़िए :



व + ृ + क्ष = वृक्ष



म + ृ + ग = मृग




क + ृ + ष + क = कृषक

### पढ़िए :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मृत | ऋषि | कृपा | अमृत | ऋषभ |
| वृत | कृषि | घृणा | सदृश | वृषभ |
| घृत | मृगशिरा | मातृभूमि | सहृदय | कृतज्ञता |

### पढ़िए और सुनाइए :



नदी तट पर भृगु ऋषि आए। उसी जगह ऋषि की कुटिया बनी। तट पर विशाल नीम का वृक्ष था। कुटिया समीप एक मृग तृण चर रहा था। मृग पर भृगु ऋषि की अपार कृपा थी। मृणाल पर भी ऋषि की कृपा हुई। उनका हृदय मृणाल पर सदृश था। वह कृत-कृत हुआ।

**शिक्षण-संकेत**

- बच्चों को समझाएँ कि 'ऋ' का उच्चारण 'रि' के रूप में होता है।
- बच्चों को समझाएँ कि 'ऋ' की मात्रा ( ृ ) व्यंजन वर्ण के पैरों में लगती है। जब यह मात्रा 'श' और 'ह' के साथ लगाई जाती है, तो इनके रूप क्रमशः 'शृ' और 'हृ' हो जाते हैं।
- बच्चों को 'ऋ' की मात्रा ( ृ ) विभिन्न वर्णों पर लगाकर उच्चारण कराएँ।

# अभ्यास


## संकलित मूल्यांकन

### पाठ बोध

1. ऋ (ृ) की मात्रा लगाकर लिखिए :

| | | |
|---|---|---|
| गह ______ | कपा ______ | पित ______ |
| सहदय ______ | मणाल ______ | सदश ______ |

2. चित्र के नाम पर ✓ लगाइए :

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | ऋषि ☐ | रिषि ☐ | ऋषी ☐ |
|  | ग्रह ☐ | गृह ☐ | गहृ ☐ |
|  | मृग ☐ | म्रग ☐ | मगृ ☐ |


## रचनात्मक मूल्यांकन

### चित्रात्मक कार्य

- रंग भरिए और नाम लिखिए :



______



______

# ए की मात्रा (ए = े)


## देखिए, समझिए और पढ़िए :



स + े + ब = सेब



क + े + ल + े = केले



क + र + े + ला = करेला

## पढ़िए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| खेल | मेला | जेवर | अपने | सहेली | मेहमान |
| जेल | ठेला | घेवर | सपने | पहेली | मलेरिया |
| तेल | केला | देवर | छपने | सवेरा | लालटेन |

## पढ़िए और सुनाइए :

केशव के घर केले का पेड़ था। केले के पेड़ पर ढेर सारे केले लगे। केले धीरे-धीरे बड़े हुए। पहले हरे थे। फिर वे पीले हो गए।

एक दिन हवा चली। सब पेड़ हिलने लगे। केले का पेड़ झूम उठा। केले पूरी तरह पक गए थे। सबने केले खाए।



**शिक्षण-संकेत**

- बच्चों को समझाएँ कि 'ए' की मात्रा ( े ) व्यंजन वर्ण के ऊपर लगती है; जैसे—ग-गे, च-चे।
- बच्चों से 'ए' की मात्रा वाले शब्दों और उनसे बने वाक्यों का वाचन कराएँ।
- बच्चों को यह भी बताएँ कि केले में सबसे अधिक कैल्सियम होता है जिससे हमारी हड्डियाँ मजबूत होती हैं।

# ऐ की मात्रा (ऐ = ै)

## देखिए, समझिए और पढ़िए :



थ + ै + ला = थैला



प + ै + र = पैर



स + ै + नि + क = सैनिक

## पढ़िए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बैर | गैया | मैदान | डकैत | दैनिक | बैजनाथ |
| सैर | मैया | हैरान | लठैत | दैहिक | फैजाबाद |
| गैर | नैया | शैतान | ततैया | सैनिक | नैनीताल |

## पढ़िए और सुनाइए :



एक दिन की बात है। एक मैना पेड़ पर बैठी थी। वह बहुत देर से मकड़ी का जाला बुनना देख रही थी। इतने में कैलाश तरबूज से भरी एक बैलगाड़ी लेकर आया।

अचानक बैलगाड़ी का पहिया टूट गया। बैलगाड़ी से कुछ तरबूज लुढ़क कर उस पेड़ से टकराए। मकड़ी धड़ाम से नीचे गिर गई। वह फिर पेड़ पर चढ़ी तथा जाला बुनने लगी। आखिर, वह जाले तक चढ़ गई। यह देखकर मैना बहुत खुश हुई।

# अभ्यास

## संकलित मूल्यांकन

### पाठ बोध

1. सही उत्तर के आगे ✓ लगाइए :

(क) केशव के घर किसका पेड़ था? सेब का ☐ केले का ☐ आम का ☐

(ख) बाद में केलों का रंग कैसा हो गया? पीला ☐ हरा ☐ नारंगी ☐

(ग) पेड़ पर जाला कौन बुन रहा था? मैना ☐ मकड़ी ☐ चींटी ☐

2. सही वाक्य के सामने ✓ लगाइए :

(क) केले के पेड़ पर ढेर सारे केले लगे थे। ☐

(ख) केले एकदम बड़े हो गए। ☐

(ग) तेज़ हवा के कारण सब पेड़ हिलने लगे। ☐



3. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए :

(क)  ______ का पेड़ झूम उठा। (ख)  ______ जाला बुन रही थी।

(ग) डाल पर  ______ बैठी थी।

4. 'ए' ( े ) तथा ऐ ( ै ) की मात्रा लगाकर लिखिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तल | ______ | ठला | ______ | सवरा | ______ |
| नया | ______ | शतान | ______ | ततया | ______ |
| बठक | ______ | सनिक | ______ | मलरिया | ______ |

5. मात्राएँ अलग करके लिखिए :

सपने – ____ + ____ + ____ + ☐ हैरान – ____ + ☐ + रा + ____

## रचनात्मक मूल्यांकन

### मौखिक अभ्यास

1. शुद्ध उच्चारण कीजिए :


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मेला | देवर | सहेली | मेहमान | पेड़ | भैया | हैरान |
| ततैया | दैनिक | फैजाबाद | मैना | मकड़ी | लुढ़क | धड़ाम |

2. पढ़िए और अंतर जानिए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बेल | बैल | फेल | फैल | पेड़ी | पैड़ी |
| मेला | मैला | बेर | बैर | तेरा | तैरा |

### क्रियात्मक कार्य

- बिंदुओं को मिलाकर 'नैया' बनाइए और उसमें रंगीन कागज़ के टुकड़े काटकर चिपकाइए :



**शिक्षण-संकेत**

- बच्चों को विभिन्न व्यंजन वर्णों पर 'ऐ' की मात्रा (ै) लगाकर उच्चारण कराएँ।
- बच्चों को 'ए' (े) और 'ऐ' (ै) की मात्रा में अंतर समझाएँ, जैसे—बेर-बैर, सेर-सैर आदि।